# कार्यालय प्राचार्य,
## शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय

पुराना धमतरी रोड, सेज बहार, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष नं० 0771-2103147, website: www.gecraipur.ac.in, E-mail-principal@gecraipur.ac.in


क्र०/GECR/छात्रवृत्ति/ /2025 रायपुर, दिनांक : 28/04/2025

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवश्यक सूचना, 2024-25

संस्था में अध्ययनरत् अनु०जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रवृत्ति हेतु पात्र **नवीन/नवीनीकरण** के ऐसे विद्यार्थी जो अन्य संस्था से स्थानांतरण (Transfer) होकर शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर (सत्र 2024-25) में प्रवेश लिये है, उनका छात्रवृत्ति पोर्टल पर संस्था/कोर्स/ब्रांच/कोर्स ईयर परिवर्तन की प्रकिया प्रारंभ हो गई है।

**अतः ऐसे विद्यार्थी अतिशीघ्र ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल पर अपलोड समस्त दस्तावेज चेक कर, पिछले वर्ष की मार्कशीट अपलोड करें एवं आवेदन लॉक कर आवेदन की हार्डकापी के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर छात्रवृत्ति शाखा दिनांक 01.05.2025 तक छात्रवृत्ति शाखा में अनिवार्य रूप से जमा करें।**

**नोटः-** **छात्रवृत्ति के पात्र समस्त छात्रों को अपने बैंक खाता नम्बर आधार से सीडिंग कराना अनिवार्य है, सीडिंग नही होने की स्थिति में छात्रवृत्ति का भुगतान नही हो सकेगा।**

**हार्डकापी के साथ संलग्न करें :-**

1. 10 वीं एवं 12 वीं के अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति। (**Only 1st Sem. Student**)
2. लोक सेवा केन्द्र द्वारा जारी ऑनलाईन मूल निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
3. लोक सेवा केन्द्र द्वारा जारी ऑनलाईन स्थायी जाति/जाति सत्यापन प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति ।
4. तहसीलदार द्वारा जारी समस्त श्रोतो से आय प्रमाण की छायाप्रति ।
5. पिता/पालक के समस्त श्रोतों से आय संबंधित नान जूडिसियल (10/-रू) स्टाम्प पेपर में शपथ पत्र ।
6. 10वीं की अंकसूची एवं पिछले सेमेस्टर के अंकसूची की छायाप्रति **(केवल नवीनीकरण के विद्यार्थियों हेतु)**
7. स्वयं के आधार से लिंक बैक एकाउंट पास बुक के **प्रथम पेज एवं आधार कार्ड** की छायाप्रति ।
8. वर्तमान सत्र की प्रवेश फीस रसीद (Admission Fee Recieipt) की छायाप्रति।

**प्राचार्य**
शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

पृ०क्र०/GECR/छात्रवृत्ति/ 299 /2025 रायपुर, दिनांक : 28/04/2025

प्रतिलिपि :-

1. समस्त विभागाध्यक्ष, **Basic Science, CIVIL, CSE, EEE, ET&T & MECH** की ओर इस अभ्युक्ति के साथ कि वे अधीनस्थ विद्यार्थियों को इस सूचना से अवगत कराने का कष्ट करें ।
2. वेबसाइट प्रभारी, संस्था के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।
3. छात्रवृत्ति सूचना पटल, छात्रशाखा सूचना पटल ।

प्राचार्य
शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)